# श्याम धणी का आया बुलावा | By Vikas Sharma

क्या लेना मुझे दिल्ली मुंबई गोवा के बाज़ार से
जब श्याम धणी का आया बुलावा खाटू के दरबार से

जब जब छुट्टिया आती हैं ये मन हिचकोले खाता है
कोई जाए कुल्लू मनाली किसी को शिमला भाता है
पर जाऊंगा मैं श्याम की नगरी ठान लिया इस बार ये
श्याम धणी का आया बुलावा खाटू के दरबार से

नहीं रुकूंगा किसी के रोके सभी ये सुनलो विचार मेरा
मैं जाऊं मेरे बच्चे जाएँ जायेगा परिवार मेरा
सीना ठोक मैं सबको बताऊँ बात बड़ी दमदार ये
श्याम धणी का आया बुलावा खाटू के दरबार से

जिसके दर्शन से मिट जाए जीवन से अँधियारा है
बच्चा बच्चा कहता है हारे का श्याम सहारा है
देव बड़ा ना कोई दूजा कलयुग के अवतार से
श्याम धणी का आया बुलावा खाटू के दरबार से

मेरा प्यारा सांवरिया सेठों का सेठ कहलाया है
इसकी मोरछड़ी का जादू पूरे जगत में छाया है
विक्की शर्मा करे बढ़ाई कहता है बड़े प्यार से
श्याम धणी का आया बुलावा खाटू के दरबार से

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%be-by/